

मुक्त चिंतन
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)
A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां
07 अप्रैल, 2021

# माननीय अतिथिगणों का सम्मान



विश्वविद्यालय में आये हुए माननीय अतिथि श्री राजेन्द्र जी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, उत्तर प्रदेश, श्री कृष्ण चन्द्र जी, विभाग प्रचारक, प्रयागराज एवं डॉ0 पीयूष जी, सह विभाग प्रचारक, प्रयागराज को सर्व समावेशी संस्कृति कुम्भ की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा साथ में आनन्दा नन्द त्रिपाठी।




माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी को पुस्तक भेंट करते हुए श्री राजेन्द्र जी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, उत्तर प्रदेश तथा साथ में श्री कृष्ण चन्द्र जी, विभाग प्रचारक, प्रयागराज एवं डॉ0 पीयूष जी, सह विभाग प्रचारक, प्रयागराज

# मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)
A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
*हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां*
09 अप्रैल, 2021

**उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से आनलाइन प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों तथा कुलसचिवों से 11 से 14 अप्रैल 2021 तक उत्सव के रूप में होने वाले कोरोना टीकाकरण अभियान सफल बनाने के संबंध में विचार.विमर्श किया।**



माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी




कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह



कुलसचिव, डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता








*आनलाइन बैठक में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव, डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता एवं अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव।*

----------

**सभी विश्वविद्यालय कोरोना टीकाकरण में सक्रिय सहभागिता करें**

--------

**प्रतिदिन विश्वविद्यालय द्वारा कराये गये टीकाकरण की रिपोर्ट राजभवन को भेजें**

--------

**विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की टोली बनाकर ग्रामीणों को टीकाकरण हेतु जाग्रत करे– श्रीमती आनंदीबेन पटेल**




उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से आनलाइन प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों तथा कुलसचिवों से 11 से 14 अप्रैल 2021 तक उत्सव के रूप में होने वाले कोरोना टीकाकरण अभियान सफल बनाने के संबंध में विचार–विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिये कि टीकाकरण के इस महा अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विश्वविद्यालय एक कार्य योजना बनाकर कार्य करें तथा इस कार्य में विश्वविद्यालय के छात्रों, जनप्रतिनिधियों स्वयं सेवी संस्थाओं को जोड़कर जन सामान्य को प्रेरित करें।

राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय अपने 45 वर्ष से अधिक आयु के समस्त स्टाफ तथा सभी छात्र अपने अभिभावकों को अवश्य ही कोरोना का टीका लगवायें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के इस महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कराया जाना है। अतः कुलपति व रजिस्ट्रार इस कार्य को पूरी गम्भीरता से लें तथा प्रतिदिन विश्वविद्यालय द्वारा कराये गये टीकाकरण की रिपोर्ट राजभवन को भेजें।

राज्यपाल ने प्रथम दौर के कोविड की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने बहुत ही अच्छे तरीके से कोविड पर नियंत्रण किया था। लेकिन बाद में सभी ने एहतियाती उपाय कम कर दिये, जिसका गंभीर परिणाम आज हमारे सामने है। अतः सभी को कोरोनो से बचाव के उपाय मास्क, सामाजिक दूरी, सेनेटाइजेशन आदि का उपयोग करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। यह कार्य हमारे विद्यार्थी बहुत ही अच्छे ढंग से कर सकते हैं। अतः विद्यार्थियों को टोली बनाकर उन्हें इस अभियान में शामिल करें। आज बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हो रहे हैं। अतः लोगों को जीवन बचाने के लिए जरूरी है कि टीकाकरण कराया जाये, जिससे कोरोना के दुष्प्रभाव से बचाव हो सके।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश के बड़े शहरों में एक से अधिक विश्वविद्यालय हैं, अतः वे आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि हर घर तक पहुंच बन सके साथ ही कोरोना से बचाव के संबंध में जागरूकता ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय तथा उनसे संबंध महाविद्यालय टीकाकरण केन्द्रों के संबंध में लोगों को बताएं ताकि लोग टीकाकरण केन्द्रों पर आसानी से पहुंच सकें। यह कार्य महाविद्यालय अपने छात्रों को भी कहकर टोली बनाकर आसानी से बना सके।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

-----

# मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

13 अप्रैल, 2021


## राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की पहली महिला कुलपति ने संभाला दायित्व

## कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा–संस्थान को पूरी तरह से कराएंगे डिजिटलाइज






*मुक्त विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो0 सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए एवं पदभार सौपते पूर्व कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह*







*मुक्त विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो0 सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह*



माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह

# मॉडल विवि के रुप में विकसित होगा मुक्त विवि : प्रो0 सीमा सिंह

## प्रो0 सीमा सिंह ने संभाली मुक्त विश्वविद्यालय की कमान



माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की नवनियुक्त कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने दिनांक 13 अप्रैल, 2021 को कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह से चार्ज लिया। नवनियुक्त कुलपति प्रो0 सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कुलसचिव, डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी, अजय कुमार सिंह, प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक, प्रो0 ओमजी गुप्ता, कृषि विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक, प्रो0 पी0पी0 दुबे, परीक्षा नियंत्रक, श्री डी0पी0 सिंह के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की। साथ ही विश्वविद्यालय को प्रदेश का मॉडल विश्वविद्यालय बनाएं जाने की मंशा को अमलीजामा पहनाने पी विचार–विमर्श किया। इसके बाद कुलपति ने ऑडियों लैब के बारे में जानकारी ली। कुलपति ने प्रशासनिक और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह को बधाई देने वालों का तांता दिनभर लगा रहा। विश्वविद्यालय में नवांगतुक कुलपति प्रो0 सीमा सिंह के स्वागत एवं निवर्तमान कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह विदाई की बेला में समारोह का आयोजन किया गया।







*नवनियुक्त माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 सुनीता सिंह एवं*
*निवर्तमान कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करती हुई नवनियुक्त माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह*









*प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करती हुई नवनियुक्त माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*

दैनिक जागरण

प्रयागराज, बुधवार
14 अप्रैल, 2021
नगर संस्करण

www.jagran.com

'अनुयायी-श्रद्धालुओं को जागरूक करें धर्मगुरु' 9 भुवनेश्वर ने जीता आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार 12

युवा जागरण 05


# प्रोफेसर सीमा ने संभाली मुक्त विवि की कमान

**जासं, प्रयागराज** : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पूर्व कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह उन्हें पदभार सौंपकर गोरखपुर विश्वविद्यालय में अपने मूल पद को संभालने के लिए रवाना हो गए।

नवनियुक्त कुलपति ने पदभार ग्रहण करने के बाद रजिस्ट्रार डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता, कृषि विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो. पीपी दुबे के अलावा अन्य प्रशासनिक अफसरों से बातचीत की। साथ ही विश्वविद्यालय को प्रदेश का मॉडल विश्वविद्यालय बनाए जाने की मंशा को अमलीजामा पहनाने पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद कुलपति ने ऑडियो लैब के बारे में जानकारी ली। कुलपति ने प्रशासनिक और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। कुलपति ने बताया कि वह शाम तकरीबन चार बजे विश्वविद्यालय पहुंचीं। देर शाम वह वापस वाराणसी रवाना होंगी।



मुक्त विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो. सीमा सिंह को पदभार सौंपते पूर्व कुलपति प्रोफेसर केएन सिंह ● साभार : इंदूभूषण पांडेय


अमर उजाला

प्रयागराज बुधवार, 14 अप्रैल 2021

रायसीना वार्ता पीएम मोदी बोले-बाधाओं के बाद भी अस्सी से ज्यादा देशों को दिया टीका...13

अमर उजाला प्रयागराज युवा Youth 6


# प्रो. सीमा सिहं ने मुक्त विवि कुलपति का पदभार संभाला

## कुलपति ने कहा, संस्थान को पूरी तरह से करेंगे डिजिटलाइज

अमर उजाला ब्यूरो



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजषि टंडन मुक्त विवि में मंगलवार को नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने पदभार संभाल लिया। निवर्तमान कुलपति प्रो. केएन सिंह ने नवनियुक्त कुलपति को पदभार सौंपा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की प्रो. सीमा सिंह को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 12 अप्रैल को कुलपति नियुक्त किया था। पदभार ग्रहण करने के बाद कुलपति प्रो.सीमा सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि मुक्त विवि को पूरी तरह से डिजिटलाइज किया जाए।

मंगलवार को विश्वविद्यालय पहुंचीं प्रो. सीमा सिंह का स्वागत निवर्तमान कुलपति प्रो. केएन सिंह ने किया। इस दौरान विवि के रजिस्ट्रार डॉ. एके गुप्ता, वित्त अधिकारी एके सिंह सहित कई शिक्षक एवं प्रोफेसर भी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद कुलपति प्रो. सीमा सिंह का कहना था कि वह उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि को पूरी तरह से डिजिटलाइज करने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को भेजी जाने वाली अध्ययन सामग्री का आडियो एवं वीडियो तैयार किया जाएगा। सभी लेक्चर्स का ऑडियो, वीडियो तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक छात्र उठा सकें।


साई केंद्र में प्रियंका सहित पांच खिलाड़ी संक्रमित पेज 14 | कीर्तिमान: महिला सैनिक ने बनाया विश्व रिकॉर्ड पेज 16

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

www.livehindustan.com

युवा | आज का दिन 1904 में ब्रिटिश अभिनेता, निर्माता और निर्देशक जॉन गिल्गुड का जन्म हुआ। | हिन्दुस्तान 06 प्रयागराज • बुधवार • 14 अप्रैल 2021


# मुक्त विवि को डिजिटल करना प्राथमिकता

**बोलीं कुलपति**

प्रयागराज | निज संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) की पहली महिला कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को पूरी तरह डिजिटलाइज कराने का प्रयास होगा। सभी लेक्चरों का ऑडियो एवं वीडियों तैयार कराया जाएगा। उसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराया जाएगा। इससे अभ्यर्थी घर बैठे ज्यादा से ज्यादा डिजिटल अध्ययन सामग्री का लाभ उठा सकेंगे। नवनियुक्त कुलपति ने यह भी कहा कि सूबे में जितने केंद्र निष्क्रिय हैं उन्हें बंद किया जाएगा।

कुलपति ने पदभार ग्रहण करने के बाद रजिस्ट्रार डॉ. अरुण गुप्ता, वित्त अधिकारी अजय सिंह, प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता, कृषि विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो. पीपी दुबे के अलावा अन्य प्रशासनिक अफसरों से बातचीत की। प्रदेश का मॉडल विश्वविद्यालय बनाने की मंशा को अमलीजामा पहनाने पर विमर्श किया। इसके बाद कुलपति ने ऑडियो लैब के बारे में जानकारी ली। कुलपति ने प्रशासनिक और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। प्रो. केएन सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रो. सीमा सिंह को चार्ज सौंपा।



उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो. सीमा सिंह का स्वागत करते निवर्तमान कुलपति प्रो. केएन सिंह। ● हिन्दुस्तान

## योग की नियमित चलेंगी ऑनलाइन कक्षाएं

प्रयागराज। कोरोना को मात देने के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) योग की कक्षाएं ऑनलाइन नियमित चलाने की कवायद तेज कर दी है। यह कक्षाएं बुधवार यानी 14 अप्रैल से सुबह साढ़े छह बजे ऑनलाइन मोड में नियमित संचालित की जाएंगी। पूर्व कुलपति प्रो. केएन सिंह ने बताया कि पिछले दिनों राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने कोविड से बचाव के बारे में जानकारी मांगी थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि विश्वविद्यालय में योग की कक्षाएं संचालित होती हैं। योग के जरिए कोरोना को मात दिया जा सकता है। इसके लिए राज्यपाल की तरफ से भी निर्देश मिला था।

# मॉडल विवि के रूप में विकसित होगा यूपीआरटीओयू: प्रो सीमा

**● राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज की पहली महिला कुलपति ने संभाला दायित्व**

**कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा-संस्थान को पूरी तरह से कराएंगे डिजिटलाइज**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की नवनियुक्त पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर सीमा सिंह ने कुलपति पद का दायित्व संभाल लिया। उन्होंने निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह से चार्ज संभाला। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। प्रो सीमा सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू में शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहीं। उन्होंने राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की 11वीं और प्रथम महिला कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मूलरूप से गाजीपुर के खानपुर जखनियां की रहने वाली प्रो सीमा सिंह के पिता राजाराम सिंह बिजली विभाग में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी मां डा कुसुम सिंह वाराणसी में यूपी ऑटोनॉमस कालेज में शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष रही हैं। प्रो सीमा सिंह ने अपनी पढ़ाई लिखाई बीएचयू से की। उन्होंने बीएससी एमएससी बीएड एमएड और फिर पीएचडी किया। उनके 80 शोध पत्र और 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो सीमा सिंह के निर्देशन में 16 शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी प्राथमिकता होगी कि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को सूबे के मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो। कहा कि महिलाओं और ग्रामीण इलाकों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास होगा। लोगों का यह भ्रम दूर करने का प्रयास होगा कि यह मुक्त विश्वविद्यालय केवल डिग्री और डिप्लोमा बांटने वाला विश्वविद्यालय है। पदभार संभालने के बाद नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि मुक्त विश्वविद्यालय को पूरी तरह से डिजिटलाइज किया जाए। कहा कि छात्रों को भेजी जाने वाली अध्ययन सामग्री का ऑडियो और वीडियो तैयार किया जाएगा। सभी लेक्चर्स का ऑडियो वीडियो तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिल सके। कुलपति के दायित्व संभालने के दौरान निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह कुलसचिव डा ए के गुप्ता वित्त अधिकारी एस के सिंह इंदुभूषण पांडेय डा प्रभात चंद्र मिश्र सहित कई शिक्षक एवं प्रोफेसर मौजूद रहे। बता दें प्रो सीमा सिंह की नियुक्ति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तीन वर्ष के लिए किया है। अब तक यहां कुलपति रहे प्रो कामेश्वर नाथ सिंह का कार्यकाल 21 फरवरी को ही समाप्त हो गया था।



प्रो सीमा सिंह को गुलदस्ता भेंट करते निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह

# मुक्त चिंतन

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

*हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां*

15 अप्रैल, 2021


# बरेली क्षेत्रीय केंद्र के भवन का राज्यपाल ने किया ऑनलाइन लोकार्पण




*क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का*
*लोकार्पण करती हुई श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश*



**श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी**
मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय** बरेली **के** नवनिर्मित **भवन का ऑनलाइन** लोकार्पण दिनांक 15 अप्रैल, 2021 **को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इससे पूर्व कुलपति** प्रो0 सीमा सिंह **ने ऑनलाइन** लोकार्पण **समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा एवं अन्य विशिष्ट जनों का स्वागत किया। कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारंभ में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से क्षेत्रीय कार्यालय** बरेली **के भवन का** लोकार्पण **किया।** इस अवसर पर बरेली क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 आर.बी. सिंह के साथ–साथ अन्य क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वयक विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक ऑनलाइन समारोह में सम्मिलित हुए।






**कुलपति प्रो0 सीमा सिंह**



कार्यक्रम का संचालन करते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता




कुलपति प्रो0 सीमा सिंह




माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा जी













मा0 अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम परिचय देती हुई कुलपति प्रो0 सीमा सिंह











श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश




डॉ0 दिनेश शर्मा जी मा0 उप मुख्यमंत्री

## कोविड काल में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ा है : उप मुख्यमंत्री

मा0 उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज उ0प्र0 सरकार का इकलौता मुक्त विश्वविद्यालय है। कोविड–19 की विभीषिका में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया है । और दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्तन करके उसे समयानुकुल ढालना है। इस विश्वविद्यालय के स्थापना के पीछे यह दृष्टि रही है कि विवशता एवं अभाव के चलते यथा महिलायें, सेना एवं पुलिस के जवान, व्यवसायी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी आदि, जो उच्च शिक्षा के केन्द्रों तक नहीं पहुंच सकते, उन्हें भी गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा सुलभ हो। न्यूनतम लागत एवं लचीले स्वभाव के कारण दूरस्थ शिक्षा दिनानुदिन जन सामान्य के बीच लोकप्रियता हाशिल कर रही है। विशेषतः कोविड–19 महामारी के काल खण्ड में जहां के0जी0 से लेकर पी0जी0 तक शैक्षणिक कक्षाएं बन्द पड़ी है, वहीं उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने ई–व्याख्यान के माध्यम से शिक्षा के अलख को जगाये रखा है। कोविड–19 की जिन परिस्थितियों में परम्परागत विश्वविद्यालय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने विगत सालों से ऐसी व्यवस्था लागू किया है कि प्रवेश एवं पूरा पाठ्यक्रम ऑनलाइन हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति 2020 में ऑनलाईन एवं ऑफलाइन शिक्षा के समन्वय पर जोर दिया गया है। दूरस्थ शिक्षा का यह विश्वविद्यालय पहले से ही प्रयोग में ला चुका है। 75 जिलों में फैले अध्ययन केन्द्रों, जो सम्प्रति 12 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, प्रभावी नियंत्रण एवं नियमन की आवश्यकता महसूस की जाती रही है। मेरा विश्वास है कि उक्त भवन के निर्माण के बाद अध्ययन केन्द्रों पर प्रभावी नियंत्रण होगा एवं उच्च शिक्षा के गुणवत्ता में गुणात्मक परिवर्तन होगा एवं दूरस्थ का यह विश्वविद्यालय वांछित लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम एवं समर्थ सिद्ध होगा। मैं उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को उनके सदप्रयासों हेतु बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं देता हूं।




*कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।*



मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी

## विश्वविद्यालय का काम केवल उपाधि प्रदान करने तक ही नहीं–राज्यपाल

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बरेली क्षेत्रीय केन्द्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न नवाचारों –जैसे ट्रान्स्जेन्डर एवं जेल के सजायाफता कैदियों को निःशुल्क शिक्षा, गोद लिये गॉवों की छात्राओं/महिलाओं को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत शुल्क की छूट देना आदि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। अतः उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गो के उत्थन के लिए कार्यक्रम बनायें और उन्हे लागू करे।



अमर उजाला
प्रयागराज | युवा Youth | 8

# मुक्त विवि के बरेली क्षेत्रीय केंद्र के नए भवन का हुआ लोकार्पण

## कोरोना की वजह से वर्चुअली हुआ समारोह का आयोजन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बरेली क्षेत्रीय केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण बृहस्पतिवार को प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल एवं उप मुख्यमंत्री ने किया। कोविड-19 की विभीषिका के कारण नए भवन के लोकार्पण की प्रक्रिया वर्चुअल मोड में ही पूरी की गई। लोकार्पण के बाद राज्यपाल ने मुक्त विवि की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न नवाचारों-जैसे ट्रांसजेंडर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को निःशुल्क शिक्षा, गोद लिए गए गांवों की छात्राओं/महिलाओं को विवि के कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत शुल्क तक छूट देने की प्रशंसा की। कहा,विवि का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करना भी है। उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाकर उन्हें लागू करें।

उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कोरोना के दौर में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। इससे जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में परिवर्तन कर समयानुकुल ढालना है। कार्यक्रम में वर्चुअल मोड से ही विवि की सभी विद्या शाखाओं के निदेशक, प्रोफसर, एसोसिएट प्रोफसर, असिस्टेंट प्रोफेसर जुड़े रहे। रजिस्ट्रार डॉ.अरुण कुमार गुप्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद दिया। ब्यूरो

अमर उजाला
प्रयागराज CITY | 4

# मुक्त विवि के बरेली क्षेत्रीय केंद्र के नए भवन का लोकार्पण

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के बरेली क्षेत्रीय केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण बृहस्पतिवार को राज्यपाल एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने किया। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने कोविड-19 की विभीषिका को देखते हुए नए भवन का लोकार्पण वर्चुअल मोड में किया। क्षेत्रीय केंद्र के लोकार्पण समारोह में पहली बार विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो. सीमा सिंह शामिल हुईं। उन्होंने कुलाधिपति एवं प्रदेश उप-मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने वर्चुअल मोड में लोकार्पण समारोह में भागीदारी कर रहे प्रतिभागियों का भी स्वागत किया। कुलपति ने मुक्त विवि में गुणवत्तापूर्वक शिक्षा व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम के आरंभ में शिक्षकों के विचार सुने और उनसे सहयोग का आग्रह किया। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने बरेली क्षेत्रीय केंद्र का लोकार्पण के बाद मुक्त विवि की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न नवाचारों-जैसे ट्रांसजेंडर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को नि:शुल्क शिक्षा, गोद लिए गए गांवों की छात्राओं/महिलाओं को विवि के कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत शुल्क छूट देने की प्रशंसा की। उनका कहना है कि विवि का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाये और उन्हें लागू करें। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने विवि की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौर में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्त न करके उसे समयानुकुल ढालना है। कार्यक्रम में विवि के सभी विद्याशाखाओं के निदेशक, प्रोफसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं शिक्षक वर्चअल मोड में जुड़े रहे। धन्यवाद रजिस्ट्रार डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com
प्रयागराज • गुरुवार • 16 अप्रैल 2021 हिन्दुस्तान 06

# विश्वविद्यालय का काम केवल उपाधि प्रदान करने तक ही नहीं: राज्यपाल

प्रयागराज | निज संवाददाता



**मुक्त विवि**

- राज्यपाल ने ऑनलाइन मोड में मुविवि के बरेली क्षेत्रीय कार्यालय का किया लोकार्पण
- डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा कि कोविड काल में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ा है

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) के बरेली क्षेत्रीय केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को ऑनलाइन मोड में किया। नवनियुक्त कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्वक शिक्षा व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कोविड-19 की विभीषिका में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। और दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्तन करके उसे समयानुकुल ढालना है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न नवाचारों-जैसे ट्रान्सजेन्डर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को निःशुल्क शिक्षा, गोद लिए गांवों की छात्राओं/महिलाओं को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत शुल्क छूट देना आदि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। अतः उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाएं और उन्हें लागू करें। संचालन एवं धन्यववाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ. अरुण गुप्ता ने किया।

# राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के भवन का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल — पायनियर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। कोविड 19 की विभीषिका को देखते हुए यह कार्यक्रम वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कुलाधिपति एवं उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डा दिनेश शर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि कोविड 19 की विभीषिका में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया और दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्तन करके उसे समयानुकुल ढ़ालना है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न नवाचारों जैसे ट्रान्सजेन्डर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को नि:शुल्क शिक्षा गोद लिए गये गांवों की छात्राओं महिलाओं को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में पचास प्रतिशत शुल्क छूट देना आदि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाये और उन्हें लागू करें। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यववाद ज्ञापन राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

# मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj


हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां


29 अप्रैल, 2021


## प्रो एस पी गुप्ता के निधन पर मुक्त विश्वविद्यालय में शोक

प्रख्यात शिक्षाविद एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता का कोरोना संक्रमण से आज प्रातः निधन हो गया । इस संदर्भ में विश्वविद्यालय में एक ऑनलाइन शोक सभा का आयोजन किया गया, इसमें विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार उनके निधन से दुःखी है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता उत्तर प्रदेश राजषि टंडन मुक्त मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्या शाखा में निदेशक थे, इसके अलावा वह कुछ समय के लिए इस विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति भी रहे। इसके पूर्व वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रीडर एवं पत्राचार संस्थान में निदेशक भी रहे थे, वह एक महान शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं आदर्श शिक्षक थे। उन्हें भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अनेक पुस्तकों का सृजन भी किया। शोकसभा में 2 मिनट का मौन रखा गया । तत्पश्चात कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने सभा विसर्जन की घोषणा की।









कुलपति प्रो0 सीमा सिंह






वर्ष : 27 | अंक : 178
प्रयागराज | शुक्रवार , 30 अप्रैल-2021
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

# प्रो एस पी गुप्ता के निधन पर मुक्त विश्वविद्यालय में शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रख्यात शिक्षाविद एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता का कोरोना संक्रमण से आज प्रातः निधन हो गया । इस संदर्भ में विश्वविद्यालय में एक ऑनलाइन शोक सभा का आयोजन किया गया, इसमें विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार उनके निधन से दुःखी है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्या शाखा में निदेशक थे, इसके अलावा वह कुछ समय के लिए इस विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति भी रहे। इसके पूर्व वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रीडर एवं पत्राचार संस्थान में निदेशक भी रहे थे, वह एक महान शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं आदर्श शिक्षक थे। उन्हें भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उन्होंने अनेक पुस्तकों का सृजन भी किया। शोकसभा में 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने सभा विसर्जन की घोषणा की।

प्रयागराज, शुक्रवार, 30 अप्रैल, 2021

जनसंदेश टाइम्स परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

# प्रो एस पी गुप्ता का करोना से निधन, मुक्त विवि में शोक सभा



**प्रयागराज।** प्रख्यात शिक्षाविद एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता का कोरोना संक्रमण से गुरुवार को प्रातः निधन हो गया । इस संदर्भ में विश्वविद्यालय में एक ऑनलाइन शोक सभा का आयोजन हुआ ' जिसमें विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार उनके निधन से दुःखी है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर एस.पी. गुप्ता उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्या शाखा में निदेशक थे, इसके अलावा वह कुछ समय के लिए इस विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति भी रहे। इसके पूर्व वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रीडर एवं पत्राचार संस्थान में निदेशक भी रहे थे, वह एक महान शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं आदर्श शिक्षक थे। उन्हें भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अनेक पुस्तकों का सृजन भी किया। शोकसभा में 2 मिनट का मौन रखा गया । तत्पश्चात कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने सभा विसर्जन की घोषणा की।